हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026

04 चाचौड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन...




07 तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत





## समाचार संक्षेप

### सनातन धर्मशाला में मारुति मानस भवन का निर्माण तेजी से प्रगति पर

**आरोन।** सनातन धर्मशाला परिसर में मारुति मानस भवन का निर्माण कार्य निर्धारित योजना के अनुसार तेजी से प्रगति पर है। समिति के सदस्य ओम प्रकाश बेदेल और शिक्षक भगवान लाल शर्मा ने पत्रकारों को निर्माण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि भवन जल्द ही पूर्ण होकर



तैयार हो जाएगा और इसके निर्माण के बाद इसे सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा। समिति ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर संतोष व्यक्त किया।साथ ही सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से अपील की गई है कि वे तन, मन और धन से सहयोग करते रहें, ताकि यह भवन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और उपयोगी धरोहर साबित हो।

### कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंडों में कृषि रथ का किया जा रहा हैं संचालन

**गुना ।** 6 वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबद्ध विषयो जैसे-पशुपालन, उघानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानो एवं कृषि वैज्ञानिको के मध्य संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषको तक पहुंचाने के उद्देश्य




से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार गुना के समस्त विकासखण्डो में कृषि रथ चलाये जा रहे हैं। आज बेहटाघाट, मंगवार तथा पगारा विकासखण्ड-गुना, बरसत विकासखण्ड-राघौगढ़रामगिर कलां, इमलिया, शहरोक विकासखण्ड-आरोन तथा अन्य विकासखंड के ग्रामो में कृषि रथ में उपस्थित दल द्वारा कृषको को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा इससे होने वाले लाभो से कृषकों को अवगत कराया गया, साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादो के प्रयोग के लिये कृषको को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वाईल हेल्थ कार्ड किसानो को वितरित किये गये। कृषकों को नरवाई न जलाने के संबंध में जानकारी दी तथा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से कृषकों को अवगत कराया गया।

### पीजी कॉलेज गुना में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित, 227 के बने लार्निंग लाइसेंस

**गुना।** मध्यप्रदेश में 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्थित शासकीय महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार



आज पीजी कॉलेज गुना में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 227 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। अपर कलेक्टर अखिलेश जैन द्वारा कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।पूर्व में आयोजित कैंपों में आरोन शासकीय महाविद्यालय में 96, राघौगढ़ शासकीय महाविद्यालय में 105 तथा कस्तूरबा गांधी कन्या महाविद्यालय में 46 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं।कैंप के दौरान आरटीओ गुनाज्ञानेन्द्र वैश्य, आरटीओ कार्यालय से विवेक दुबे, बादाम सिंह राजौरिया, प्रशांत गुप्ता तथा आरक्षक हेमंत रघुवंशी उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 6 फरवरी को आयोजित की जाएगी

**गुना ।** अध्यक्ष जिला पंचायत गुना अरविन्द धाकड़ की अध्यक्षता में जिला पंचायत सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक दिनांक 6 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे ने संबंधित अधिकारियों को एजेण्डा अनुसार जानकारी के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश जारी किये गये हैं।

### रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 7 फरवरी से

**गुना ।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन किया जाएगा। यह पंजीयन दिनांक 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाना है।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गेहूं उपार्जन एवं किसान पंजीयन के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला स्तर पर एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। समिति में श्री गिरीश अनवेकर, सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), श्री गौतम श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, आशीष चतुर्वेदी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, बृजनारायण केवट, डाटा एंट्री ऑपरेटर खाद्य शाखा तथा राम रघुवंशी, डाटा एंट्री ऑपरेटर नागरिक आपूर्ति निगम, जिला गुना को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन हेतु अतिरिक्त माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। किसान एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य करने के इच्छुक एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद को राजस्थान विस अध्यक्ष व राज्यपाल ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



नेशनल मीडिया फाउंडेशन के जयपुर सेमिनार में गुना प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा को विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया है। पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए लोढा को यह सम्मान दिया गया है। पीड़ा और संवेदना से प्रेरित होकर आनंद सिंह लोढा ने समाज के जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया है। इसके परिणामस्वरूप इस अभियान की नींव रखी गई, जो आज एक प्रभावशाली सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसमें ओझा समाज कुशवाहा समाज और चौरसिया समाज के सैकड़ो लोगों का निशुल्क बीमा कराया जा चुका है वहीं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 501 कन्याओं के खाते भी पोस्ट ऑफिस में उनके द्वारा खुलवाए गए हैं।प्रेस क्लब द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान सबसे पहले पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया था। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद इसे कुशवाहा समाज के जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया गया, वहीं हाल ही में ओझा और चौरसिया समाज के लोगों को भी इस योजना का लाभ दिया गया है।कोरोना के समय उन्होंने अपने दिवंगत पत्रकार साथियों के परिवारों को आर्थिक सहयोग पहुंचने का बीड़ा उठाया था यह पहल पूरे प्रदेश भर में अनूठी में मिसाल बन गई थी ।इसके बाद भी पत्रकारों को यथासंभव मदद देने का सिलसिला जारी रहा। हाल ही में उन्होंने जिला मुख्यालय पर पत्रकार भवन की सौगात देकर पत्रकारों के दसकों पुराने सपने को साकार कर दिखाया और उनसे ही प्रेरणा पाकर चाचौड़ा में जिले का दूसरा पत्रकार भवन भी अस्तित्व में आ गया है।

### मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक ध्यानचंद होंगे शामिल

# लाल बहादुर शास्त्री स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता 2 फरवरी से प्रारंभ होगी

### कलेक्टर ने प्रेस कांफ्रेंस करके दी आयोजन की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित 38 वीं अखिल भारतीय स्व लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता 2 से 8 फरवरी तक संचालित होगी इस सम्बन्ध में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल होंगे और विशिष्ट अतिथि मेजर ध्यानचंद लाइव टाइम अचीवमेंट अवॉर्डी हॉकी इंडिया, 1975 के वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य महान खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद रहेंगे।

इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 200000 का पुरस्कार दिया जाएगा वहीं उप विजेता को100000 का इनाम मिलेगा।

उन्होंने बताया कि हॉकी खिलाडियों की मांग एवं क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मंशा अनुसार 9 वर्ष बाद शास्त्री स्मृति हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ की जा रही है।कलेक्टर ने कहा कि मुझे जैसा कि गुना के वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों द्वारा बताया है, गुना में हॉकी खेल वर्षों से प्रचलित है और लोकप्रिय भी है। यहाँ 70 से 80 के दशक में अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच आयोजित किए जा चुके हैं।

#### 1973 में हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेलों को बढ़ावा देने, जिला हॉकी संघ के तत्कालीन सचिव स्व. के एन दुबे एवं सह सचिव स्व. एम ए कुरैशी, बी आर कांमले के समन्वय से नगरपालिका परिषद गुना ने वर्ष 1973 में अखिल भरतीय स्व. लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, जो निरंतर सफलता के सोपानों पर पहुंचती रही है।

#### गुना से कई खिलाड़ी देश के नामचीन शासकीय संस्थानों में

यहाँ हॉकी खेल के आधार पर गुना से कई खिलाड़ी देश भर के नामचीन शासकीय संस्थानों जैसे रेलवे, मध्यप्रदेश पुलिस, उड़ीसा aadid, दिल्ली aadid, इंडियन नेवी, आर्मी आदि प्रमुख संस्थानों में सेवाएं दे रहें हैं. तो दूसरी ओर गुना के हॉकी खिलाड़ी जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा में समर्पित हैं। सूर्यकांत जगताप, पूर्व पार्षद, 25 वीं शास्त्री हॉकी प्रतियोगिता के संयोजक रहे है, वरिष्ठ पार्षद रविंद्र रघुवंशी एवं नपा में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ जो कि अच्छे हॉकी खिलाड़ी होकर हॉकी प्रतियोगी में सहयोग कर रहे हैं।

#### अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी

आप सभी को विदित है कि देश के नामचीन खिलाड़ी, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी गुना में शास्त्रीस्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता में शिरकत कर चुके हैं।बीते लंबे समय बाद शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, कई जानी मानी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

#### कुछ टीमों के ख्यातिप्राप्त जाने माने अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी

ऊपर वर्णित कुछ टीमों के ख्यातिप्राप्त जाने माने अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सिडनी ओलंपिक वर्ष 2000 , एशियाड विजेता 1998, बैंकॉक, 1998 एवं 2002 में विश्व कप में भारतीय हॉकी टीम के प्लेइंग मेंबर रहे एस. थिरुमलवनावल, इस टीम में हॉकी लीग में खेलने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी गुना में हॉकी खेलेंगे । NCRA के कोच हसरत कुरैशी, उपलब्धियां saif गेम्स चेन्नई 1995 गोल्ड मेडलिस्ट, सुल्तान अजलान शाह हॉकी मलेशिया गोल्ड मेडलिस्ट।चैंपियंस ट्रॉफी जर्मनी बर्लिन गोल्ड,जूनियर एशिया कप विजेता कप्तानमध्यप्रदेश शासन के प्रथम विक्रम अवॉर्डी है।इस टीम में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, रोहित सिंह,अंकित पाल, अजय यादव, अमित यादव, अर्जुन शर्मा इंडियन रेलवे, स्पोर्ट होस्टल, बिलासपुर के कोच पूर्व ओलंपियन अजीत कुमार आदि।

#### ये प्रमुख टीमें शामिल होंगी

1. इंडियन बैंक, चेन्नई
2. NCRA नॉर्दन सेंट्रलरेलवे प्रयाग राज उत्तरप्रदेश
3. एफ सी आई मुंबईरेल कोच फैक्ट्री कपूरथला,
4. भिवानी हॉस्टल हरियाणा
5. SCER रेलवे बिलासपुर
6. स्पोर्ट्स हॉस्टल बिलासपुर
7. एफ सी आई मुंबई
8. गुजरात इलेवन
9. WCR वेस्टर्न रेलवे कोटा राजस्थान
10. सैफई हॉस्टल इटावा उत्तरप्रदेश
11. रेलवे बॉयस भुसावल महाराष्ट्र
12. एक्जिलटर्ज हॉकी कोच्चि केरला
13. स्पोर्टस हॉस्टल लखनऊ
14. जिला हॉकी संघ ग्वालियर
15. मंदसौर हॉकी
16. अवंतिका उज्जैन
17. सागर
18. सिवनी मध्यप्रदेश सहित स्थानीय गुना नगरपालिका भी अपनी परंपरागत टीम उतारकर स्थानीय खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करेगी।

#### नपाध्यक्ष ने दिया सिंधिया को मुख्य आतिथ्य का न्यौता

आयोजन के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए केन्द्रीयमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। अध्यक्षता नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता करेंगी, भव्य आयोजन के लिए प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री, एवं जिला हॉकी संघ के सचिव ब्रजेश दुबे के विशेष सहयोग से जिन्होंने आल इंडिया की ख्याति नाम टीमों एवं अंतर्राष्ट्रीय हस्तियों को गुना आमंत्रित करने में महती भूमिका निभाई है, सभी के समन्वय से नगर पालिका परिषद गुना द्वारा आयोजित हॉकी प्रतियोगिता को सफलता की और ले जाने का सार्थक प्रयास है।



## खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में खनिज अधिकारी श्री सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम द्वारा गुना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उकावद में भ्रमण के दौरान बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी रेत का अवैध परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। टीम द्वारा दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव तथा सैनिक राजीव रघुवंशी, हाकिम सिंह रघुवंशी, रघुनंदन रघुवंशी एवं सतीश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत कामाख्या धाम विशेष ट्रेन से तीर्थयात्रा के लिए 250 यात्रियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत दिनांक 31 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक श्रीमाता वैष्णोदेवी धाम तीर्थयात्रा प्रस्तावित की गई थी। वर्षाऋतु में वैष्णोदेवी क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के कारण कटरा से श्रीमाता वैष्णोदेवी रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रेक क्षतिग्रस्त होने से मरम्मत का कार्य मार्च 2026 तक जारी होने के कारण उक्त यात्रा का संचालन सुरक्षित एवं व्यवहारिक नहीं होने से गुना जिले से दिनांक 31 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक विशेष ट्रेन से यात्रियों को कामाख्या धामा दर्शन हेतु यात्रा के निर्देश दिए गए है । उक्त



निर्देशों के पालन में कामाख्या धामा दर्शन हेतु गुना जिले की समस्त नगरपालिका एवं जनपद पंचायतों से 1151 आवेदन-पत्र प्राप्त किए गए। उक्त आवेदन-पत्रों का नियमानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, गुना से रेण्डमाईजेशन कराया गया। जिनमें 250 पात्र यात्रियों को चयनित किया गया तथा 26 यात्रियों को प्रतिक्षासूची में रखा गया है। 05 अनुरक्षक रहेगें। उक्त यात्रा रेल्वे स्टेशन गुना से दिनांक 31 जनवरी को दोपहर 01:00 बजे विशेष ट्रेन नम्बर 00131/00132 से रवाना होगी।

### छात्रों से संवाद कर शिक्षा, भोजन व स्वच्छता व्यवस्थाओं की ली जानकारी

# कलेक्टर ने शासकीय बालक छात्रावासों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कन्याल द्वारा शासकीय बालक विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास एवं शासकीय जिला उत्कृष्ट बालक छात्रावास नानाखेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने छात्रावास में रह रहे बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, कक्षा, निवास स्थान तथा भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली।

बच्चों से संवाद के दौरान कलेक्टर ने पूछा कि सबसे अच्छा और व्यवस्थित कमरा किसका है, जिस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने कमरे दिखाए। दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बताया कि वे 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर रहे हैं, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं के अंतर्गत लैपटॉप एवं स्कूटी का लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने छात्रावास की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही भोजन व्यवस्था का अवलोकन करते हुए कर्मचारियों से भोजन मेनू की जानकारी ली।

उन्होंने खाने को मन से बनाने के लिए सलाह दिया उन्होंने कहा जब खाना हम मन से बनाते हैं तो उसका स्वाद और बढ़ जाता है। इस दौरान बच्चों के आग्रह पर कलेक्टर श्री कन्याल ने उनके साथ सामूहिक रूप से फोटो भी खिंचवाए। और उन्हें आगामी परीक्षा के लिए मेहनत और मन लगाकर पढ़ने के लिया कहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, क्षेत्र संयोजक सुशील पाठक, हॉस्टल इंचार्ज सहित छात्रावास में निवासरत बच्चे उपस्थित रहे।

## 82 वर्षीय बुजुर्ग से 2.56 लाख की ठगी, 4 माह बाद भी न्याय न मिलने पर भड़का कायस्थ समाज, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 82 वर्षीय बुजुर्ग के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई न होने से कायस्थ समाज में गहरा रोष है। शुक्रवार को कायस्थ समाज गुना के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। समाज ने मांग की है कि पीड़ित बुजुर्ग को शीघ्र न्याय दिलाया जाए और उनकी ठगी गई राशि वापस कराई जाए।क्या है पूरा मामला?शिकायत के अनुसार, पीड़ित जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव (82) के साथ 25 सितंबर 25 को धोखाधड़ी की घटना हुई थी। ठगों ने उनके एटीएम का उपयोग कर बैंक खाते से 2 लाख 56 हजार रुपये की राशि पार कर दी। इस संबंध में पीड़ित ने 5 अक्टूबर 2025 को सिटी कोतवाली और 6 अक्टूबर को एसपी कार्यालय में आवेदन दिया था। काफी प्रयासों के बाद 10 अक्टूबर 2025 को अपराध क्रमांक 0559 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।कार्रवाई की धीमी गति पर सवालकायस्थ समाज का आरोप है कि एफआईआर दर्ज हुए और बैंक स्टेटमेंट जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज सौंपे हुए 4 माह से अधिक का समय बीत चुका है,




लेकिन आज तक पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी या राशि बरामदगी की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। समाज के प्रतिनिधि के.के. सक्सेना ने बताया कि 4 नवंबर 2025 को भी कार्यवाही हेतु निवेदन किया गया था, परंतु नतीजा सिफर रहा।समाज की मांग और चेतावनीज्ञापन के माध्यम से कायस्थ समाज ने मांग की है कि एक बुजुर्ग नागरिक के जीवन भर की जमा पूंजी हड़पने वाले ठगों पर सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही, पिछले 4 महीनों में पुलिस द्वारा की गई प्रगति से समाज और पीड़ित को अवगत कराया जाए। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और डीजीपी भोपाल को भी भेजी गई है। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने शीघ्र न्याय न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## समाचार संक्षेप

### बरखेड़ी में 19वां सालाना जलसा सम्पन्न



**राघौगढ़।** मदरसा जामिया इस्लामिया नूरुल उलूम, बरखेड़ी में 19 वां सालाना जलसा बड़े धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देश और प्रदेश के प्रमुख धर्मगुरु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों में हज़रत मोलाना सय्यद हबीबउल्लाह साहब (सदर, जमीअत उलमा, देवबंद), हज़रत मुफ्ती मुहम्मद अहमद ख़ान साहब (सदर जमीअत उलमा व अमीरे शरीअत, भोपाल), हज़रत मुफ्ती गाज़ी वली अहमद साहब वली चिश्ती (नायब अमीरे शरीअत, मध्य प्रदेश), हज़रत मोलाना अनीसुर्रहमाम साहब, हज़रत मुफ्ती यूसुफ साहब और अन्य कई उलमा शामिल थे। जलसे में लगभग 3000–4000 लोगों ने भाग लिया। आठ छात्रों ने क़ुरआन हिफ़्ज़ मुकम्मल किया और दस्तारबंदी की गई। स्टूडेंट्स ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए और धर्मगुरुओं ने लोगों को आपसी प्रेम और सौहार्द की तालीम दी। जलसे की निज़ामत मुफ्ती मोहम्मद उमर साहब इशाअती ने की, जबकि काज़ी आमिल मुहम्मद अनीस रहमानी साहब ने अतिथियों का परिचय कराया। कुंवर जयवर्धन सिंह (पूर्व मंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष, जिला गुना) ने भी सभी धर्मगुरुओं का सम्मान किया। समापन अवसर पर हज़रत मुफ्ती गाज़ी वली अहमद साहब ने कहा कि सभी लोग अपने मज़हब के अनुसार नेक और एकजुट रहें। देश और समाज की तरक्की व अमन के लिए दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ।

### राघौगढ़ कॉलेज में NSUI ने मनाई महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि




**राघौगढ़।** राघौगढ़ शासकीय महाविद्यालय परिसर में NSUI छात्र संगठन के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 78वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई।श्रद्धांजलि सभा में कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कॉलेज छात्र अध्यक्ष प्रशांत मेर ने महात्मा गांधी जी के जीवन और उनके योगदान पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने असहयोग आंदोलन, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश वस्त्रों और व्यापार का बहिष्कार कर खादी और चरखे को आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनाया। कार्यक्रम में NSUI के सदस्य मोंटी कोरी, आकाश मेर, विशाल प्रजापति, मिथुन ओझा, विवेक, लोकेंद्र राजपूत, दीपू गुर्जर समेत अन्य छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. माया परस्ते और अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में गांधी जी के विचारों और अहिंसा व स्वराज की भावना को जीवित रखना था।

# चाचौड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर आयोजित, 200 मरीजों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में स्व. शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया की पुण्य स्मृति में विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच, दंत रोग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 30 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को पत्रकार भवन, रजिस्ट्रार कार्यालय के पास, चाचौड़ा में किया गया। शिविर का शुभारंभ स्व. शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया के पिताजी डॉक्टर नेम सिंह सिसौदिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं गुरुजी का हिमालय पर कर शिविर की शुरुआत की गई । शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।शिविर में कुल 200 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 40 मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया। इन मरीजों को सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की ओर से विशेष वाहन द्वारा आनंदपुर स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका पूर्णतः निःशुल्क उपचार किया जाएगा।शिविर के दौरान करीब 100 मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं, वहीं 60 मरीजों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। मरीजों की जाँच कर उन्हें फेको सर्जरी, फोल्डेबल




लेंस, मोतियाबिंद ऑपरेशन सहित अन्य नेत्र रोगों से संबंधित विशेषज्ञ परामर्श दिया गया।इसके साथ ही दंत रोग विभाग द्वारा भी लोगों को दाँतों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। दंत चिकित्सकों ने बताया कि दाँतों में लगने वाले कीड़े और संक्रमण से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से कुल्ला करना, दिन में दो बार दाँत साफ करना, मीठे पदार्थों से परहेज करना तथा नियमित रूप से दंत परीक्षण कराना आवश्यक है। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु शर्मा ने सेवाएँ देते हुए मरीजों को आवश्यकतानुसार दंत पेस्ट एवं टैबलेट निःशुल्क वितरित किए।वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग द्वारा रोगियों को प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया। आयुर्वेदाचार्यों ने संतुलित आहार, समय पर भोजन, पर्याप्त नींद, योग-प्राणायाम, त्रिफला सेवन तथा मौसमानुसार दिनचर्या अपनाने की सलाह दी तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं तनाव से बचाव के घरेलू उपाय भी बताए। इसके साथ ही डॉ. प्रदीप शाक्यवार द्वारा कुछ औषधीय तेल मालिश हेतु एवं आवश्यक टैबलेट भी मरीजों को प्रदान की गईं।शिविर में सद्गुरु अस्पताल से डॉ. अभिषेक, बीनागंज नेत्र सहायक डॉ. सोनू शर्मा (सद्गुरु) सहित उनकी टीम Dal सिंह सिंह जादौन, Paras रोहले, रणवीर बघेल आदि—ने सक्रिय सहयोग किया। वहीं बीनागंज के रणछोड़ दास जी आश्रम के व्यवस्थापक एवं अध्यक्ष विजय सिंह रघुवंशी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुक चिकित्सकों एवं सहयोगी टीम का मित्र मंडल एवं पत्रकार गणों द्वारा माला पहनाकर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया गया। शिविर में सेवा भावना से कार्यरत प्रत्येक सदस्य का अभिनंदन किया गया।आयोजकों एवं सहयोगी पत्रकार गणों ने सद्गुरु परिवार का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सद्गुरु अस्पताल निरंतर उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान कर रहा है तथा यहाँ किए जा रहे सफल ऑपरेशन क्षेत्रवासियों के लिए आशा की किरण बने हुए हैं। आयोजकों ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।कार्यक्रम का संयोजन स्व. डॉ. शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया मित्र मंडल एवं समस्त पत्रकार गण चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा किया गया। साथ ही शिविर में एसडीएम महोदय द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से संवाद कर उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एसडीएम महोदय द्वारा स्वयं अपने हाथों से मरीजों को भोजन पैकेट वितरित किए गए, जिससे उपस्थित लोगों में संतोष एवं प्रसन्नता का भाव देखने को मिला।

## मालवा कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस भव्य रूप से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

मालवा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीनागंज चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.के. पुष्पक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती के चरणों में पुष्प अर्पित कर हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजन शर्मा ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए गणतंत्र दिवस और संविधान निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक निदेशक नितिन गौरकर ने समिति और जन जागरूकता के विषय में मार्गदर्शन कि या । वि शि ष्ट अतिथि डॉ. आर.के. पुष्पक ने स्वास्थ्य सेवाओं और संविधान का पालन करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह चौहान ने छात्रों को निडरता और कठिन परिस्थितियों में धैर्य के साथ संघर्ष करने की प्रेरणा दी। चेयरमैन प्रदीप सेन ने समाज सेवा, स्वास्थ्य और पुलिस सेवा के निस्वार्थ योगदान को याद रखने का संदेश साझा किया।कार्यक्रम में छात्रों ने भाषण, गीत और नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का संचालन छात्राएँ हर्षिता साहू और स्मृति बरौनियां ने किया। अंतिम रूप में महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रमुख वीरेंद्र सेन ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के संचालक डॉ. मधु कृष्णानी और आनंद मंगल ने सभी छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।





## सीबीएमओ ने सिविल अस्पताल आरोन का किया निरीक्षण, लैब कर्मचारियों को नोटिस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

सीबीएमओ डॉ. के.एन. भीलवारे ने सिविल अस्पताल आरोन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई और कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की।निरीक्षण में पाया गया कि नाइट ड्यूटी के सभी अधिकारी, कर्मचारी और सफाईकर्मी उपस्थित थे, वहीं सुबह की ड्यूटी के कर्मचारी भी समय पर अस्पताल पहुंचे। इस पर सीबीएमओ ने संतोष व्यक्त किया।हालांकि, पैथोलॉजी लैब के निरीक्षण में यह पाया गया कि संबंधित लैब कर्मचारी अनुपस्थित थे। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीबीएमओ ने संबंधित कर्मचारियों को "कारण बताओ" नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।सीबीएमओ ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें, मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, और समयबद्ध उपस्थिति तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए।




## नगर डूबा कोहरे की चादर में, सर्दी से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन।मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार गुना जिले में तेज सर्दी की आशंका पहले ही जताई गई थी, जिसका असर अब साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। आरोन शहर शुक्रवार सुबह घने कोहरे की चादर में डूबा रहा। स्थिति यह रही कि सुबह करीब 10 बजे तक कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई।कड़ाके की सर्दी का असर आमजन के साथ-साथ किसानों पर भी पड़ रहा है। विशेषकर धनिया की फसल पर सर्दी का प्रभाव दिखाई देने लगा है, जिससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए लोग घरों और चौराहों पर अलाव जलाकर आग का सहारा लेते हुए देखे गए।लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण सुबह के समय आवागमन और दैनिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सर्दी के तेवर बने रहने की संभावना जताई है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

आरोनः भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अहिरवार समाज एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक जयवर्धन सिंह ने गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि गांधी जी की हत्या भले ही एक षड्यंत्र के तहत हुई, लेकिन उनके विचार, सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश सदैव जीवित रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता आज भी गांधी जी की विचारधारा को आत्मसात कर देश सेवा के मार्ग पर अग्रसर हैं।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने गांधी जी के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन ने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांधी जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, उपाध्यक्ष राजीव रघुवंशी, पार्षदगण, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, युवा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। सभी ने गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।





## कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनग

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को तहसील परिसर अशोकनगर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, निर्वाचन पर्यवेक्षक रज्जाक खॉन उपस्थित रहे।

### तलावदा में विवाद, महिला ने जेठ को ईंट मारकर किया जख्मी,एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के गांव तलावदा में शुक्रवार को दीवार छेद करने के दौरान कपडो पर कचरा गिरने की बात को लेकर विवाद हो गया। गाली गलौच से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। विवाद के दौरान जहां महिला ने अपने ही जेठ का ईट मारकर सिर फोड दिया। वही महिला की जेठ के लडके के द्वारा मारपीट कर दी गई। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस के द्वारा क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।



## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** इन्दौर निवासी महिला मछला बाई अपने परिवार जनों को बताकर अशोकनगर आई थी, परन्तु वह घर नहीं पहुंची, जिला अस्पताल में किन के द्वारा भर्ती कराया गया और उपचार कराया गया। यह परिवार जनों को पता नहीं हैं। महिला के पति अशोक ने बताया कि वह अशोकनगर के अंबेडकर मोहल्ला की रहने वाली थी और उसकी ससुराल विदिशा जिले के मुंगलसरायं थाने के अंतर्गत है। जिला अस्पताल में उक्त महिला की मौत हो जाने के बाद परिवार जनों को सूचना मिलने पर मायके और ससुराल वाले जिला अस्पताल पहुचें, जहां महिला का शव परीक्षण किया जा रहा है। महिला के दोनों पुत्र भी इन्दौर से अशोकनगर पहुंच गए थे।

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का अशोकनगर जिले में भ्रमण कार्यक्रम

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 फरवरी से 04 फरवरी 2026 तक जिले के भ्रमण पर रहेगें।

जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 01 फरवरी को भोपाल से रात्रि 08 बजे प्रस्थान कर रात्रि 11.45 अशोकनगर आयेगें तथा रात्रि विश्राम करेगें। सिंधिया 02 फरवरी को प्रातः 09.45 बजे से 10.15 बजे तक सर्किट हाउस में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। प्रातः 10.15 बजे से 11 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। प्रातः 11.10 बजे से दोपहर 12.10 बजे तक जनसंपर्क ऑफिस कलेक्ट्रेट के पास में आमजन से मुलाकात करेगें। दोपहर 12.15 बजे से दोपहर 01.45 बजे तक कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा की मीटिंग में भाग लेगें। दोपहर 01.45 से 02.15 बजे तक कलेक्ट्रेट में प्रेस कान्फ्रेंस करेगें। दोपहर 02.40 बजे शासकीय लॉ कॉलेज में कॉल सेंटर का निरीक्षण करेगें तथा दिव्यांग शिविर में दिव्यांगजनों को किट का वितरण करेगें। सायं 05.15 बजे से 06.15 बजे तक सोवत में सिंध नदी के ब्रिज का उद्घाटन करेगें। सिंधिया स्थानीय भ्रमण के दौरान सायं 07 बजे पवारगढ़ में मलकीत सिंह संधु, सायं 07.20 बजे राजेश एवं उपेन्द्र पाराशर,सायं 07.35 बजे ओमप्रकाश चैधरी,07.50 बजे बादाम सिंह लोधी, 08.10 बजे अनुज राजेन्द्र कलावत, 08.30 बजे सुनील कुमार जैन के यहां पहुंचेगें तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस अशोकनगर में करेगें।

सिंधिया 03 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे अशोकनगर सर्किट हाउस से धुर्रा के लिए रवाना होगें तथा यहां लखन रघुवंशी, पिपरोदा के बलवंत सिंह यादव के यहां पहुंचेगें। दोपहर 12.10 बजे चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के बैधाई (डुंगासरा) में विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें। दोपहर 01.40 बजे मडी महिदपुर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। दोपहर 02.10 बजे ग्राम भर्रोली में विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें। दोपहर 03.40 बजे ईसागढ़ में गौरव दिवस कार्यक्रम में भाग लेगें। सायं 05.40 बजे चंदेरी में तहसील हॉस्पिटल की साईट का भ्रमण करेगें। सायं 06.25 बजे अर्रोन में विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेगें तथा रात्रि विश्राम चंदेरी किला कोठी पर करेगें।

### 41 हाजियों को मिला टिकट, 2 परीक्षण में अटके

## 28 हाजी मुंबई से, 8 जयपुर से भरेंगे सऊदी के लिए उड़ान



हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

श्योपुर जिले से हज पर जाने वाले 43 में से 41 यात्रियों की हवाई उड़ान के लिए टिकट कंप्लीट हो गया है। जिनमें से 28 हाजी मुंबई से एवं 8 जयपुर से उड़ान भरेंगे दो यात्रियों का पासपोर्ट एवं दूसरी जानकारी परीक्षण अटक गई है जिनके आज कल में क्लियर होने की संभावना है।

केंद्रीय हज कमेटी के ट्रेनर एवं खादिमुल हुज्जाज अली असगर हाशमी ने बताया कि इस बार केंद्रीय हज कमेटी ने हाजियों को अपनी फ्लाइट खुद चयन करने का अवसर दिया है जिसके तहत गुरुवार को सभी हाजियों ने ऑनलाइन अपनी पसंद की फ्लाइट में टिकट बुक करा लिया है इससे लाभ यह होगा कि जो लोग परिवार सहित हज पर जा रहे हैं वह एक साथ फ्लाइट में पास पास सीट पर बैठ सकेंगे और होटल में भी एक ही स्थान पर रहने का मौका उन्हें मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले से 43 लोगों का चयन हज 2026 के लिए हुआ है।

### सवर्ण समाज ने ज्ञापन सौंपा, रैली भी निकाली

# संशोधित यूजीसी एक्ट 2026 वापस लिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सवर्ण समाज में यूजीसी एक्ट को वापिस लिए जाने की मांग को लेकर गांधी पार्क चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और बाद में ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई है कि इस एक्ट को तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि यूजीसी द्वारा प्रस्तावित, जारी यूजीसी एक्ट 2026 में समानता की बात तो की गई है, किंतु भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त कानून के समक्ष समानता (अनुच्छेद 14), भेदभाव-निषेध (अनुच्छेद 15) तथा गरिमामय जीवन के अधिकार (अनुच्छेद 21) के अनुरूप अनारक्षित, सामान्य वर्ग के अधिकारों, सुरक्षा और आत्मसम्मान का कहीं कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। संशोधित यूजीसी एक्ट स्पष्ट संकेत देता है कि अनारक्षित/सवर्ण वर्ग को संस्थागत रूप से संभावित अपराधी और आरक्षित वर्ग को स्वाभाविक पीड़ति मानकर नियम गढ़े गए हैं, जो लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के सर्वथा विपरीत है।






### ज्ञापन में मांगों के बिन्दु

1 गाइडलाइन में संतुलन का अभाव है तथा ऐसा प्रतीत होता है कि सवर्ण समाज को सामूहिक रूप से संदेह के कटघरे में खड़ा किया गया है।
2 आरक्षित वर्गों के संरक्षण के विस्तृत प्रावधान हैं, किंतु अनारक्षित वर्ग के छात्रों व शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा हेतु कोई समानांतर संरचना नहीं है।
3) किसी भी अकादमिक मतभेद, परीक्षा मूल्यांकन, अनुशासनात्मक कार्रवाई या व्यक्तिगत विवाद को जातीय उत्पीड़न का रंग देकर शिकायत में बदला जा सकता है।
4 जब नियमों का ढाँचा ही यह संकेत दे कि एक वर्ग संभावित दोषी है, तो सवर्ण छात्रों में अपराधबोध और हीनता-बोध उत्पन्न होगा, जो समान नागरिकता की भावना के विरुद्ध है।
5) विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के संदर्भ में, यदि शिकायत प्रक्रिया में कठोर जांच, क्रॉस-वेरिफिकेशन और दुरुपयोग-रोधी प्रावधान नहीं होंगे तो असफलता, अनुशासनात्मक कार्रवाई या व्यक्तिगत रंजिश को जातीय उत्पीड़न बताकर दबाव बनाया जा सकता है।
6 शिक्षक या सहपाठी के विरुद्ध शिकायत को प्रतिशोध या ब्लैकमेल का साधन बनाया जा सकता है।
7 छात्र राजनीति, नियुक्तियों और प्रशासनिक निर्णयों में कास्ट कार्ड को हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकोनी निवासी दीपक प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजू बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दीपक प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरकापुर जिला टीकमगढ निवासी रहीश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पुष्पेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### कुए में डूबने से वृद्ध की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेडा नई निवासी विजय जाटव की सूचना पर से पुलिस ने दौजाराम पुत्र भागचन्द जाटव उम्र 50 साल का शव पीपल वाले खेत के कुए के पानी से बरामद किया है।

### दो बाईक आपस में भिड़ीं

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर पांडरी निवासी सौरभ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाईक क्रमांक यूपी 94 यू 8627 के बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले की शाढौरा थाने के पुलिस ने ग्राम कमालपुर निवासी राजेन्द्र अहिरवार के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ही कमालपुर निवासी अंकेश अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम मढी कानूनगो निवासी महाराज अहिरवार के पास से 07 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है और मथनेर निवासी बलवीर अरिहवार के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** पिपरई पुलिस ने पिपरई में पठार मोहल्ला के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए जसराम नायक, अनिल यादव, विश्राम यादव, नेतराम अहिरवार, गोलू अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 3170 रूपए बरामद किए गए है।

### शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट में दो मिनट का किया मौन धारण

**अशोकनगर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौन की अवधि शुरू होने एवं समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, बृजविहारी श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी,तहसीलदार भारतेन्दु यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक सवार ने तहसील बाबू को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर मुंगावली कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी आनंद शर्मा उम्र 40 साल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे आनंद शर्मा को पैरो में घातक चोटें आई हैं। बाबू टक्कर में घायल होने के बाद भोपाल उपचार कराने चले गए थे लौटने के बाद वह मुंगावली अस्पताल में मामला दर्ज कराने पहुंचे। घटना 30 अक्टूबर की शाम 6 बजे की है। यह घटना उस समय हुई जब वह तहसील कार्यालय से पैदल स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी गेट के समीप एक तेज रफ्तार से आ रही बाईक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके से बाईक चालक फरार हो गया। इस घटना में बाबू आनंद शर्मा की जांघ की हडडी चोटिल हुई है।

घटना इतनी भयानक थी कि मृतकों के कपड़े बिजली के तार पर जा लटके

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर मुंगावली -चंदेरी सड़क मार्ग पर एक कार ने सामने से आ रही एक बाईक को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों बाईक सवारों की मौत हो गई। मौके पर उनके शव पड़े पाए गए, पास में ही बिजली के एक तार पर मृतकों के कपड़े लटके पाए गए। घटना के बाद दोनों मृतकों के शवों का सेहराई में पोस्ट मार्टम किया गया है। घटना में कार में सवार दो युवक भी घायल हुए हैं लेकिन वह कहां अपना उपचार करा रहे हैं यह पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटना स्थल से वह कार भी जप्त की है।

### आमने-सामने से हुई भिड़ंत

घटना की कहानी यह है कि पड़ौसी जिला सागर के खिमलाशा थाने के अंतर्गत ग्राम बिसारी निवासी दो युवक बाईक से अशोकनगर जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अर्रोन जा रहे थे जब उनकी बाईक जनकपुर खिरिया के समीप ढाबे के पास से गुजर रही थी उसकी दौरान तेज गति से आ रही ब्रेजा कार जिसका नम्बर एमपी 07 जेड एम 2732 है ने उक्त बाईक को टक्कर मार दी। घटना इतनी भीषण थीं कि बाईक सवारों की तो मौत हो गई कार में सवार दोनों युवक भी घायल हुए हैं। घटना के बाद सेहराई पुलिस और डायल 112 वाहन का अमला मौके पर पहुंचा, इस दौरान मृतकों के शव सड़क पर पड़े थे वहीं उनकी बाईक पड़ी थी। घटना के समीप कार में दोनों युवा घटना की गंभीरता को देखते हुए अपने वाहन को मौके पर छोड़कर भाग गए। उन्हें भी चोटे आई हैं लेकिन सेहराई पुलिस के प्रधान आरक्षक रामलखन रावत ने बताया कि घायलों का पता नहीं चल रहा है कि वह अपना उपचार कहां पर करा रहे हैं।





### बाईक सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ा

इस घटना में जिन दो बाईक सवारों की मौत हुई है उनमें गोलू पुत्र हीरालाल निवासी अर्रोन उम्र 20 वर्ष और गोपी पुत्र गिरधारी उम्र 16 वर्ष निवासी बिसारी शामिल है। घटना खिरिया ढाबे से 100 मीटर आगे हुई। इस घटना में दोनों मृतकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया गया है कि यह बाईक चालक बिसारी से अर्रोन आ रहे थे जबकि कार शिवपुरी जिले के पोहरी से मुंगावली की ओर जा रही थी तभी यह घटना हुई। घटना में दोनों बाईक सवार की मौत हो जाने के साथ उनकी बाईक भी सड़क पर पडी पाई गई और टक्कर से उनके कपड़े बिजली के तार पर जा लटके। घटना शुक्रवार की दोपहर 2:30 बजे की होना बताई गई है, सेहराई पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मुंगावली चंदेरी मार्ग सबसे व्यस्ततम मार्गों में शामिल

मुंगावली चन्देरी सड़क मार्ग अब सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल हो गया है। यह नेशनल हाइवे होने के कारण इस रास्ते से लंबी दूरी के वाहनों का आवागमन दिन रात जारी रहता है। यह सड़क मार्ग उत्तरप्रदेश के कानपुर, लखनऊ, झांसी को और सागर, जबलपुर मार्ग को सीधे ग्वालियर और शिवपुरी को जोड़ने वाला मार्ग है। इसलिए दोनों ओर से भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। ओस और कोहरा के दिनों में इस मार्ग पर घटनाएं होना आम बात है। हालांकि यह घटना दिन के समय की है इस घटना में दोनो बाईक सवार बिना हेलमेट के अपना वाहन चला रहे थे यदि उन्होंने इस घटना से पहले हेलमेट का उपयोग किया होता तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था। इससे पहले भी जितनी भी घटनाएं अशोकनगर जिले में हुईं हैं उन सभी घटनाओं में यह देखने में आ रहा है कि दोपहिया वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिले की यातायात पुलिस या परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का पालन तो कराया जाता है किन्तु हेलमेट की अनिवार्यता पर ध्यान नहीं दिया जाता। यदि इस दिशा में शक्ति की जाए तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है।

# पिपरिया राय के एक घर में आग लगी, पति-पत्नी झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर बीती रात ग्राम पिपरिया राय में शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। इस घटना में घर का सामान जलकर नष्ट हो गया, आग बुझाने के दौरान गोपाल बागड़ी और उनकी पत्नि शिवकुमारी बागड़ी गंभीर रूप से आग में झुलस गई, जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

घटना के बारे में बताया गया है कि उनके पति खेत पर गए हुए थे और उनकी पत्नि और 3 बच्चे अटारी में सो रहे थे। सुबह जब गोपाल बागड़ी घर लौटे तो घर के नीचे आग लग गई थी और तत्काल उन्होंने पत्नि और बच्चों को बाहर निकाला। इस घटना में गृहस्थी का सामान, सोने चांदी के जेवर रखे हुए थे वह आग की भेंट चढ गए। जिस कमरे में आग लगी उस कमरे में गोपाल का भाई रहता है वह अपनी पत्नि को लेने के लिए मायके गया हुआ था।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रांवसर द्वारा ग्राम चौपाल लगाई गई



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रांवसर द्वारा ग्राम चैपाल लगाई गई जिसमें ग्राम विकास पखवाड़ा अंतर्गत अनेक विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव, नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति से सुनील सेन, समाजसेवी भूपेंद्र रघुवंशी तथा मास्टर ट्रेनर बलवीर सिंह यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम के पर्यावरण को सुरक्षित करने हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने, ग्राम में सामाजिक समरसता हेतु परिवार संपर्क बढ़ाने, ग्राम में बाल संस्कार शाला संचालित करने तथा ग्राम को पूर्ण नशा मुक्त करने विचार विमर्श किया गया। तथा घरेलू उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा गौ आधारित ग्राम विकास यानी कृषि में जैविक खाद का प्रयोग किसान करें इस हेतु किसानों को प्रेरित करेंगे। इससे पूर्व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आनंद ग्राम रांवसर की पठार स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर साफ सफाई की। समिति के अध्यक्ष दिनेशबाबू मीना ने रोजगार गारंटी योजना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी कि अब 100 दिन की जगह 125 दिन रोजगार मिलेगा। मद्य निषेध दिवस के उपलक्ष्य में ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को नशा के प्रति जागरूक किया। बलवीर सिंह यादव ने नशा के विरुद्ध नारे लगवाए तथा भूपेंद्र रघुवंशी ने ग्राम में साफ सफाई रखने सामूहिक रूप से श्रमदान करने तथा मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु ग्रामवासियों को संकल्प दिलाया।

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

# इलाज के लिए अस्पताल आई घायल नाबालिग, जांच में गर्भवती मिली

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत एक 15 वर्षीय किशोरी को उपचार के लिए चोट लगने के बाद जिला अस्पताल में लाया गया था। जहां किशोरी 3 दिन से भर्ती है जांच के दौरान पाया गया कि किशोरी गर्भवती है तब जानकारी से पुलिस को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस जिला अस्पताल में किशोरी के बयान लेने पहुंची।

इस दौरान किशोरी के साथ उसकी माता पिता दोनों प्रसूती वार्ड के बाहर थे और पुलिस की ओर से महिला एसआई नाबालिक किशोरी के बयान लेते नजर आईं। इस दौरान किशोरी के पिता ने बताया कि किशोरी घर पर गिर गई थी जिसके कारण उसे चोटे आई थीं जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां किशोरी का




एक्सरा कराया गया, इस दौरान किशोरी के गर्भ में शिशु का पलना होना पाया गया। जिसके बाद जिला अस्पताल अशोकनगर से सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद अस्पताल की पुलिस चौकी का स्टाफ और महिला उप निरीक्षक किशोरी के बयान लेने प्रसूती गृह में पहुंची। किशोरी के पिता ने बताया कि किशोरी अपनी बहन की ससुराल गई थी वहां से आने के बाद गर्भवती अवस्था में है उन्होंने संभावना जताई है कि बहन के देवर द्वारा यह कृत्य किया गया है जिसमें देवर भी नाबालिग होना बताया गया है।




## दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में पिछली आयोजित दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पिछली दिशा बैठक में केन्द्रीय मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध में पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री के आगामी 02,03 एवं 04 फरवरी 2026 को जिले के भ्रमण से संबंधित सभी कार्यक्रमों एवं दिशा की बैठक की तैयारियां समय से पूर्ण हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दिशा बैठक के बिन्दुओं पर सभी विभाग अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार रखें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर एवं बृजविहारीलाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल मजदूरी कराने वाले 8 मालिकों पर महकमे ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सचिव मनीष अनुरागी के निर्देशन में बाल श्रम को रोकने के लिए बृहद रूप से अभियान चलाना गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा वृहद रूप से अशोकनगर जिले के कांसल मार्केट, रेलवे स्टेशन एवं बाजार में बाल श्रमिकों को दुकानों में औचक रूप से देखा गया और पाए गए बाल श्रमिकों का निरीक्षण कर कानूनी कार्यवाही की। बाल श्रम को रोकने के लिए सर्वप्रथम जिला प्रशासन से श्रम पदाधिकारी सुरभि रघुवंशी एवं उनकी टीम से संपर्क किया गया और उनके द्वारा आयोजित इस बाल श्रम



निषेध कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे अभियान में चार पैरालीगल वालंटियर और कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन के लोगों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर विवेक यादव, हरवेंद्र शर्मा, जमील अली ने भाग लिया और कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, रघुकुल सेवा समिति आदि गैर सरकारी संगठन के विपिन रघुवंशी द्वारा पूर्ण सहयोग दिया, जिसमें मुख्य बाजार के सभी दुकानों को निरीक्षण कर, कुल 8 नियोजकों पर कार्रवाई की जिन्होंने बाल श्रमिकों को काम पर रखा था उन्हें निरीक्षण के दौरान कानूनी प्रक्रिया एवं भविष्य में बाल श्रम रोकने के लिए प्रेरित किया। उनसे यह भी कहा गया कि वह अपनी दुकानों में बाल श्रम निषेध का एक बैनर चस्पा करें।

## संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक होंगे कार्यक्रम

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में सप्ताह भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव ने बताया कि 31 जनवरी से 7 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रदेश स्तर से जिले में संयोजक राजेश पंथी चंदेरी, सह संयोजक मनीष धुरेंटे,जगन्नाथ पिप्पल, विनोद अहिरवार नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान दीपोत्सव कार्यक्रम मंदिर दर्शन, संत सम्मान एवं उपदेश संगोष्ठी के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम प्रदेश से मंडल स्तर तक आयोजित होंगे।



## माह जनवरी में सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई दी

**अशोकनगर।** जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह संयुक्त कलेक्टर बृजविहारीलाल श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को किया गया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत हुए 11 शासकीय सेवकों का सम्मान किया गया। साथ ही माह दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी,सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा,जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसोदिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



831 हितग्राहियो को रूपए 3 करोड़ 30 लाख का किया हितलाभ वितरण

# युवा संगम कार्यक्रम में 72 से अधिक युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

शुक्रवार को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 113 युवाओं का पंजीयन कराया एवं कंपनियों द्वारा 72 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया और



56 को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की 9 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 831 स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को 3 करोड़ 30 लाख का रुपए का ऑनलाइन हितलाभ वितरण किये गए,जिसमें नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह आदि योजनाओं के तहत हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।



### केसीसी रोड का निरीक्षण किया

**पिपरई।** नगर मे चल रहे सी.सी. रोड के कार्य का विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे, और सी.एम.ओ. अशोक वर्मा ने मोके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। वहां पर ठेकेदार को निर्देश दिये की सी. सी. रोड का कार्य बहुत ही साफ मटेरियल से किया जाना चाहिए.यह रोड का जल्द ही कार्य पूर्ण किया जाये। इस रोड का कार्य होने से नगर वासियों को बरसात मे होने बाले कीचड़ से निजात मिलेगी। अभी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। नगर परिषद पहुंचने मे उससे राहत मिलेगी। इस कार्य से सभी नगर बासी खुश है।

सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए

# पहली बार शहर घने कोहरे की चपेट में, विजीविलिटी 30 मीटर पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शीतकालीन मौसम में पहली बार अशोकनगर शहर को सुबह की भोर मे कोहरे की चादर में ढका देखा गया। घना कोहरा होने के कारण 30 मीटर दूर तक भी वाहन नजर नहीं आए। सड़को पर चलने वाले वाहनों को या तो कोहरा कम होने का इंतजार करना पड़ा या फिर वाहनों को धीमी गति से चलाना पड़ा।

अशोकनगर शहर में यह ठण्ड के दिनों में पहली बार कोहरा देखा गया हैं, हालांकि रात से ही मौसम में ओस और कोहरा होने की संभावनाएं नजर आने लगी थीं। दो दिन पहले जिले में हुई मावठे की वर्षा के साथ ओले गिरने के कारण मौसम में असर अधिक देखा गया। बाग बगीचों में पेड़ों की टहनियों पर



जमी ओस के कारण पानी की बूंदी नीचे गिरती हुई देखीं गई। सुबह की भोर मे घूमने के लिए निकलने वाले लोगों को घना कोहरे के कारण घूमने के लिए निकलने से परहेज करते हुए देखा गया। सुबह और देर रात शहर के अनेक स्थानों पर लोग ठण्ड से बचाव के लिए अलाव जलाते हुए देखे गए। जिले का मौसम इन दिनों ठंडा बना हुआ है। शुक्रवार को अशोकगर जिले का तापमान 8.04 डिग्री सेल्सियस रहा।

### श्री खाटू श्याम मंदिर समिति ने किया निःशुल्क विवाह सम्मेलन संपन्न, आयोजन में हुए कई अनुष्ठान आयोजित

# 26 जोड़ों ने थामा दांपत्य जीवन का हाथ, दिखा सेवा, संस्कार और सामाजिक एकता का संगम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

नगर में श्री खाटू श्याम मंदिर समिति द्वारा भव्य निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पूरे उत्साह, उमंग, श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच 26 कन्याओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। सात फेरों और पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर 26 जोड़ों ने अपने नए दांपत्य जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में शामिल सभी परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दे रहा था। समिति द्वारा विवाह आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। विवाह स्थल को आकर्षक सजावट और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण विवाह उत्सव में परिवर्तित हो गया था।

### जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह कराना उद्देश्य: कुशवाह

निशुल्क विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। इस प्रकार के आयोजन समाज में सहयोग, सेवा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। समिति अध्यक्ष पवन कुशवाह ने बताया कि उनका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है। उन्होंने कहा आज का दिन कभी नहीं भूलने वाला है, सभी के सहयोग और बाबा की कृपा से कन्यादान का अवसर प्राप्त हुआ जो जीवन का सबसे बड़ा पल है। कुशवाह ने कहा आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन करने का प्रयास किया रहेगा।



### निशान यात्रा और वर निकासी ने बांधा समां

शुक्रवार सुबह आयोजन की शुरुआत नगर के राधा कृष्ण मंदिर से यात्रा और वर निकासी के साथ हुई। इस दौरान धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। रथ, घोड़े, डीजे, बैंड-बाजे और धार्मिक ध्वजों के साथ यात्रा निकाली गई। सभी दूल्हे पारंपरिक परिधान में घोड़े पर सवार होकर जय श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। श्रद्धालु, समाजजन और आम नागरिक बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। भव्य निशान यात्रा और वर निकासी ने समां बांध दिया।

#### गृहस्थी का सामान देकर बेटियों को किया विदा

समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सभी कन्याओं का सम्मानपूर्वक कन्यादान कराया। साथ ही नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का जरूरी सामान जैसे बिस्तर, बर्तन, दैनिक उपयोग की सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं, ताकि वे अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बिना किसी परेशानी के कर सकें। समिति सदस्यों ने भावुक होकर कन्याओं को विदा किया।

#### निशान यात्रा का शहर भर में हुआ भव्य स्वागत

निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। पीपल चैराहा, नगर पालिका के सामने, मुख्य बाजार सहित कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। करीब तीन घंटे तक चली यह यात्रा धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश देती हुई गुना नाका स्थित विवाह स्थल पहुंची।

#### बारात आगमन के बाद शुरू हुए वैवाहिक संस्कार

कार्यक्रम स्थल पर बारात पहुंचने के बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कार्यक्रम शुरू हुआ। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया। सात फेरे, कन्यादान और अन्य सभी रस्में पूरे धार्मिक तरीके से सम्पन्न कराई गईं। विवाह के दौरान परिजनों और समाजजनों की आंखों में खुशी के आंसू और चेहरे पर संतोष की मुस्कुराहट देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्थाएं भी बेहतर रहीं।

### यूजीसी के विरोध में कल बाजार बंद

# सवर्ण समाज आज निकालेगा बाइक रैली सौंपेंगे मांग का ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

यूजीसी की नई गाइडलाइन जारी होने के बाद विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सवर्ण समाज के लोग लगातार विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जता रहे हैं। इसी क्रम में अब शहर में बाजार बंद कर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम सवर्ण समाज द्वारा स्थानीय गौतम आश्रम में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यूजीसी की गाइडलाइन के विरोध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 1 फरवरी रविवार को पूरे शहर का बाजार बंद रखकर विरोध जताया जाएगा। इसके अलावा सवर्ण समाज द्वारा 31 जनवरी यानी आज शनिवार की शाम बाइक रैली निकालने का भी निर्णय लिया गया है। इस बाइक रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होकर नगर के व्यापारियों से दुकान बंद रखने का आग्रह करेंगे।

#### बाजार बंद, निकाली जाएगी रैली

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि बाजार बंद के दिन बड़ी संख्या में सवर्ण समाज की विरोध रैली भी निकाली जाएगी। यह रैली नगर के वैष्णव देवी मंदिर से प्रारंभ होगी, जो एबी रोड, पीपल चैराहा, मैन बाजार, जागत चैक, अहिंसा द्वार चैराहा होते हुए पुनः पीपल चैराहा पहुंचेगी। जहां प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को संयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह विरोध शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

# ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों ने एसडीएम व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर**

27 जनवरी को हुई तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से सारंगपुर तहसील के ग्राम खजुरिया घाटा सहित कई गांवों में किसानों की फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गईं। प्राकृतिक आपदा से गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य रबी फसलें नष्ट हो जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। फसल क्षति से परेशान ग्राम के किसानों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल सर्वे कराकर बीमा राशि व मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह गिर गई है, जिससे उत्पादन शून्य के करीब पहुंच गया है। कई किसानों ने फसल बीमा कराया हुआ है, लेकिन समय पर सर्वे नहीं होने से उन्हें सहायता मिलने में विलंब की आशंका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए राजस्व अमले द्वारा शीघ्र फसल सर्वे कराया जाए तथा शासन की आपदा राहत एवं फसल बीमा योजना अंतर्गत पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान की जाए। इस अवसर पर शिवसिंह पाल, राजेंद्र भिलाला, रामेश्वर पाल, दिलीप पाल, दुर्गेश पाल सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# बरमनखेड़ी गांव में की चाकूबाजी, सात घायल

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम बरमनखेड़ी में दो-तीन दिन पहले एक परिवार के दो भाइयों में विवाद हुआ था उसी रंजिश को लेकर बदले की भावना से इंदौर से सचिन पिता रामलाल गोस्वामी अपने साथ लोगों को लेकर गांव बरमनखेड़ी आया और सामने वाले पक्ष पर जमकर चाकू बाजी की जिसमें सात लोग घायल हो गए घायलों में तीन लोग गंभीर घायल हुए जिन्हें प्राथमिक इलाज के तत्काल बाद बाहर रिफर किया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है,जिसकी तलाश जारी है। बरमनखेड़ी निवासी हेमराज पिता बापू लाल गोस्वामी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 3 दिन पूर्व रामलाल एवं भारत दोनों भाइयों की बीच मारपीट हो गई थी। उसी का बदला लेने गुरुवार की रात 7 बजकर 30 बजे के लगभग जमकर चाकू बाजी की गई जिसमें सात लोग घायल हो गए।

**इन लोगों को आईं चोटे**-देवकरण पिता मांगीलाल गुर्जर विक्रम सिंह पिता मांगीलाल सोंधिया , धर्मराज पिता बालचंद गुर्जर गंभीर घायल व लखन पिता बापू लाल गोस्वामी,भगवती बाई पति मोहन गोस्वामी, हेमराज पिता बाबूलाल गोस्वामी, एक बालिका निबासा गोस्वामी को भी चोटे आई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है, तथा अंकित मकानिया फरार है।

# मनरेगा में वर्तमान संशोधनों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/जीरापुर /सारंगपुर**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा ब्यावरा के अहिंसा द्वार चौराहे पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया, व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। दांगी ने कहा कि मनरेगा कानून वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, दलितों एवं आदिवासियों को रोजगार की कानूनी गारंटी देने के उद्देश्य से बनाया गया था, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार संशोधनों के माध्यम से कमजोर कर रही है।

#### गांधी पार्क में हुआ प्रदर्शन

**सारंगपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय गांधी चैक स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

#### मनरेगा को बहाल करने के लिए धरना

**जीरापुर** - नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया। जिसमें मनरेगा को बहाल करने तथा इसकी जगह लाए गए नए वीबी-जी-राम-जी कानून को वापस लेने की मांग कांग्रेसीयों ने की । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर रखकर यह धरना प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने मनरेगा की जगह जो नाम दिया उसे हटाकर मनरेगा को बहाल करने की बात रखी गई। जहां पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत , राजेश शर्मा पटवारी , चंदरसिंह, महेश सेन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# चरण वंदना नहीं, आचरण वंदना करें विद्यार्थी : एसडीएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर**




सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह गुरुवार को गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम रोहित बम्होरे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि एसडीओपी अरविंद सिंह उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, ओमप्रकाश राठी एवं डॉ. ध्रुव भल्ला शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश राठौर ने की। इस अवसर पर एसडीएम बम्होरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें चरण वंदना के बजाय आचरण वंदना करनी चाहिए। किसी व्यक्ति का सम्मान केवल चरण स्पर्श से नहीं, बल्कि उसके विचारों को जीवन में अपनाकर किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।वही एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का राष्ट्र निर्माता है। यदि युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ेगी, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेंगे। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इसमें सुशील व्यास, दिनेशसिंह सिसोदिया, प्रमोद शर्मा, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा

**राजगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में बीते एक



हफ्ते से चल रही 84 हनुमान दर्शन यात्रा के अंतिम दिवस शुक्रवार को दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा का आयोजन रखा गया। पहली बार आयोजित हुए अपनी तरह के इस विशेष आयोजन में नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैंकड़ों श्रृद्धालुओं ने जालपा माता की भक्ति की रमते हुए नाचते-गाते पवित्र पर्वत की परिक्रमा पूर्ण की। प्रथम बार सामुहिक रूप से माता के पहाड़ी की 24 किमी परिक्रमा का भव्यतम आयोजन रखा गया था।

# विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी 11, 12 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। जिसमे भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरुप विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय विषय पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता अपने उद्बोधन देंगे। उच्च शिक्षा विभाग के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्त्वाधान में आयोजित हो रहे इस सेमिनार की जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ चेतन त्रिपाठी ने बताया कि तीन सत्रों में यह सेमिनार होगा जिसमें शिक्षाविदों के विभिन्न विषयों पर लिखे गए शौध पत्रों का भी वाचन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति भी बनाई गई है जिसके निर्देशन में यह सेमिनार सम्पन्न होगा। इसमें प्रो डॉ राधावल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली, डॉ देवीदास कल्लाप्पा बामणे अध्यक्ष हिंदी विभाग भाऊसाहब नेने महाविद्यालय रायगढ़ महाराष्ट्र, आदि लोग मौजूद थे।

### सम्मान समारोह के साथ ही नेत्र शिविर का भी हुआ आयोजन

# नेवज कृष्णा सम्मान से नवाजे क्षेत्र के पांच समाजसेवी




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

नेवज समग्र विकास समिति एवं नेवज कृष्णा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में लगातार नवमें वर्ष 30 जनवरी को नेत्र शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्यों एवं सेवाओं के लिए पांच समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिविर में करीब 300 लोगों ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया जिनमें से ऑपरेशन के लिए चिन्हित 84 सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के लिए रवाना किया गया। सम्मान से नवाजे गए सेवाभावियों में चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. ओपी त्रिपाठी, कुश्ती-दंगल में मानसिंह राठौर, शिक्षा के क्षेत्र में सरला विजयवर्गीय, मैदान प्रशिक्षण क्षेत्र में कोच बृजमोहन मेवाड़े एवं संगीत वाद्ययंत्र क्षेत्र में सोहराब खान शामिल है। राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, बापूसिंह तंवर सहित अन्य अतिथियों ने सभी को प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

#### 9 वर्षों में 54 समाजसेवी हो चुके हैं सम्मानित

उल्लेखनीय है कि बीते नौ सालों से अनवरत हो रहे इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों उत्कृष्ट योगदान देने वाले 54 समाजसेवियों को सम्मानित किया जा चुक है इसके साथ ही 15 हजार से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण करवाया जा चुका है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र चैहान, रघुनंदन शर्मा, एडिशनल एसपी केएल बंजारी, जपं अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, रमेश तंवर, अमित शर्मा, प्रहलाद पंवार, एके शर्मा, सुशीला व्यास, रेणुका शर्मा, रेखा शर्मा, मंजुलता शर्मा सहित कईं लोग सम्मिलित हुए।

### दुकानों के अक्सर बंद रहने, स्टॉक में कमी सहित अन्य गड़बड़ियों पर कार्रवाई की

# राशन वितरण में विभिन्न लापरवाहियों पर 22 विक्रेताओं को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक माह समय पर राशन वितरण कार्य में विभिन्न तरह की लापरवाही एवं गड़बड़ियों पर जिले की 22 राशन दुकानों के विक्रेताओं को कारण बताओ नाटिस जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसी दुकान के अक्सर बंद रहने, कहीं केवायसी कार्य अब तक अपूर्ण रहने, कहीं स्टॉक में कमी, निर्देशों की अवहेलना सहित अन्य लापरवाहियों पर यह नोटिस थमाए गए हैं। संबंधित विक्रेताओं से नोटिस के जवाब मिलने के उपरान्त उन पर यथोचित कार्यवाहियां प्रस्तावित की जाएगी।



#### तीन दिवस में मांगा गया है जवाब

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त सभी राशन विक्रेताओं को नाटिस जारी कर उनसे 3 दिवस में जवाब मांगा गया है। नियत तिथि तक नोटिस का संतोषप्रद जवाब न मिलने पर संबंधितों को कार्य से पृथक करने की कार्यवाही की जा सकती है।

#### पूर्व में भी जारी किए गए हैं इस तरह के नोटिस

उल्लेखनीय है हर मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में अमूमन हर हफ्ते जिले की विभिन्न राशन दुकान पर हितग्राहियों को समय पर राशन न मिलने, दुकानों के बंद रहने, दुकानों का राशन अन्यत्र बेचने सहित कई तरह की शिकायतें अक्सर मिलती रहती हैं। विभाग द्वारा पूर्व में भी संबंधित दुकानों के विक्रेताओं को इस तरह के नोटिस जारी किए हैं लेकिन वितरण में लापरवाही बरतने वालों ठोस और पुख्ता कार्यवाही कभी-कभार ही नजर आई है।

#### इन विक्रेताओं को दिए गए हैं नोटिस

जिन राशन दुकान के विक्रेताओं को शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं उनमें गोलाखेड़ा दुकान सेल्समेन ओमप्रकाश, बखेड़ सेल्समेन भंवरलाल, खैरासी सेल्समेन श्यामसिंह, पाडलियाखेड़ी सेल्समेन देवेंद्र नागर, मांडाखेड़ा सेल्समेन विक्रेता प्रियंका शर्मा, प्रेमपुरा सेल्समेन चैनसिंह, सनखेड़ी विक्रेता मधुबाई, धनवास सेल्समेन दिनेश तंवर, हिरनखेड़ा विक्रेता पूजा, देहरीकराड़ सेल्समेन सुश्री निर्मला, महाबल विक्रेता पूजा, कंवरपुरा सेल्समेन बालूसिंह, लाख्या सेल्समेन जसवंत सौंधिया, हिनौती सेल्समेन मांगीलाल, कुंडीबे सेल्समेन प्रताप सिंह पंवार, जलालपुरा सेल्समेन मोहनसिंह, बावड़ीपुरा सेल्समेन विमल तंवर, फूलखेड़ी सेल्समेन रामकरण परमार, कोड़िया जरगर विक्रेता भावना, लिम्बोदा सेल्समेन चंदर सिंह दांगी, अभयपुरा विक्रेता गायत्री तंवर शामिल हैं।